राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे

राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे,
मुझे श्याम से मिला दे,
राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे.....

राधे तूं सबकी मईया है, तूं जानें जगत रचिया है,
कहां रहते किशन कन्हैया है, वो धाम तो बतला दे,
राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे...

राधे तेरा क्या कहना है, तूं श्याम पिया का गहना है,
मैंने शरण तेरी में रहना है, मेरा काम इक बना दे,
राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे...

राधे तूं श्याम की धड़कन है, मनमोहन तेरा दर्शन है,
मुझे श्याम नाम की मस्ती का, इक जाम तो पिला दे,
राधे राधे मुझे श्याम से मिला दे....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23200/title/radhe-radhe-mujhe-shyam-se-mila-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |